भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
वित्तीय सेवाएं विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1024**

जिसका उत्तर सोमवार, 10 फरवरी, 2025/21 माघ, 1946 (शक) को दिया गया

**किसान क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत ऋण सीमा**

1024. श्री दिलीप शइकीया:
श्री बिद्युत बरन महतो:
श्री लुम्बा राम:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्तमान में किसान क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत किसानों को अधिकतम कितनी ऋण राशि प्रदान की गई है और विगत दो वर्षो के दौरान उक्त योजना के अंतर्गत राज्य/संघ राज्यक्षेत्रवार कितने किसानों को कितनी-कितनी ऋण राशि संवितरित की गई है;

(ख) क्या उक्त योजना की ब्याज दरें सामान्य ऋणों की तुलना में बहुत कम हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का किसान क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत ऋण सीमा बढ़ाने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार का कृषि उपकरणों और साधनों के वित्तपोषण हेतु किसान क्रेडिट कार्ड योजना का विस्तार करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

**(क) से (ग):** किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के तहत ऋण सीमा का परिकलन राज्य स्तरीय तकनीकी समिति (एसएलटीसी) द्वारा निर्धारित वित्त की मात्रा के आधार पर किया जाता है। वित्त की मात्रा कृषि-जलवायु क्षेत्रों, प्रति एकड़ फसल पद्धतियों और मौसमी परिवर्तनों आदि के आधार पर निर्धारित किया जाता है। किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) योजना के तहत अधिकतम ऋण की कोई विनिर्दिष्ट कोई सीमा नहीं है। तथापि, भारत सरकार संशोधित ब्याज सहायता योजना (एमआईएसएस) के अंतर्गत 7% वार्षिक दर पर अल्पावधि कार्यशील पूंजी ऋण प्रदान करने के लिए 1.5% ब्याज सहायता प्रदान करती है। इसके अलावा, ऋणों का समय पर पुनर्भुगतान करने पर किसानों को 3% का त्वरित पुनर्भुगतान प्रोत्साहन भी प्रदान किया जाता है। इसलिए, किसानों के लिए प्रभावी ब्याज दर 4% है। केंद्रीय बजट 2025-26 में, सरकार ने केसीसी के माध्यम से लिए गए ऋणों के लिये एमआईएसएस के तहत ऋण सीमा को 3 लाख रुपए से बढ़ाकर 5 लाख रुपए करने की घोषणा की है।

पिछले दो वर्ष के दौरान किसान क्रेडिट कार्ड के अंतर्गत बकाया ऋणों वाले किसानों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या को **अनुबंध** में दर्शाया गया है।

**(घ):** केसीसी के संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा बैंकों को जारी वर्तमान दिशानिर्देशों के अनुसार, केसीसी के तहत कृषि औजारों और उपकरणों की खरीद के लिए ऋण सहित कृषि एवं संबद्ध कार्यकलापों हेतु निवेश ऋण उपलब्ध है।

******

**अनुबंध**

**10.2.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत "किसान क्रेडिट कार्ड के तहत ऋण सीमा" के संबंध में लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1024 के भाग (क) से (ग) में उल्लिखित विवरण**

**31 मार्च, 2023 और 31 मार्च, 2024 तक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार परिचालनरत किसान क्रेडिट कार्ड के आंकड़े निम्नानुसार हैं:-**

(राशि करोड़ रुपये में और '000 में जारी किए गए कार्डों की संख्या)

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | परिचालनरत केसीसी की संख्या | | परिचालनरत केसीसी के तहत बकाया राशि | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.3.2023 की स्थिति के अनुसार | 31.03.2024* की स्थिति के अनुसार | 31.03.2023 की स्थिति के अनुसार | 31.03.2024* की स्थिति के अनुसार |
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 9 | 8 | 38 | 23 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 4,552 | 4,853 | 60,879 | 65,455 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 10 | 18 | 81 | 195 |
| 4 | असम | 688 | 671 | 4,119 | 4,615 |
| 5 | बिहार | 2,577 | 2,683 | 17,388 | 18,801 |
| 6 | चंडीगढ़ | 1 | 2 | 99 | 126 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 1,917 | 2,147 | 10,756 | 10,582 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव | 2 | 2 | 40 | 40 |
| 9 | गोवा | 9 | 12 | 109 | 169 |
| 10 | गुजरात | 3,018 | 3,137 | 62,373 | 71,132 |
| 11 | हरियाणा | 2,287 | 2,362 | 50,042 | 54,000 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 458 | 503 | 8,009 | 9,072 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | 911 | 1,067 | 6,363 | 6,974 |
| 14 | झारखंड | 968 | 996 | 5,200 | 5,560 |
| 15 | कर्नाटक | 4,720 | 5,499 | 54,161 | 62,794 |
| 16 | केरल | 2,594 | 2,592 | 43,401 | 49,036 |
| 17 | लद्दाख | 28 | 28 | 258 | 268 |
| 18 | लक्षद्वीप | 2 | 3 | 15 | 22 |
| 19 | मध्य प्रदेश | 6,267 | 6,500 | 78,092 | 84,523 |
| 20 | महाराष्ट्र | 7,175 | 7,218 | 70,329 | 78,018 |
| 21 | मणिपुर | 20 | 20 | 165 | 159 |
| 22 | मेघालय | 72 | 77 | 360 | 467 |
| 23 | मिजोरम | 35 | 40 | 315 | 373 |
| 24 | नागालैंड | 30 | 32 | 179 | 192 |
| 25 | नई दिल्ली | 3 | 3 | 44 | 43 |
| 26 | ओडिशा | 3,971 | 4,466 | 21,744 | 29,097 |
| 27 | पुडुचेरी | 13 | 20 | 286 | 392 |
| 28 | पंजाब | 2,198 | 2,235 | 55,423 | 57,830 |
| 29 | राजस्थान | 6,540 | 6,846 | 99,543 | 1,08,973 |
| 30 | सिक्किम | 9 | 10 | 56 | 62 |
| 31 | तमिलनाडु | 3,580 | 4,032 | 42,132 | 52,112 |
| 32 | तेलंगाना | 4,337 | 4,509 | 44,405 | 47,786 |
| 33 | त्रिपुरा | 199 | 181 | 507 | 556 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 10,705 | 10,917 | 1,28,115 | 1,38,621 |
| 35 | उत्तराखंड | 509 | 557 | 6,365 | 6,479 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 3,132 | 3,005 | 14,531 | 15,856 |

* अनंतिम आंकड़े

स्रोत: *भारत में बैंकिंग की प्रवृत्ति और प्रगति पर आरबीआई की रिपोर्ट 2023-24*